प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

संचार विभाग, केंद्रीय कार्यालय, एस.बी.एस.मार्ग, फोर्ट, मुंबई-400001
Department of Communication, Central Office, S.B.S.Marg, Fort, Mumbai-400001
फोन/Phone: 022- 22660502

आज़ादी का अमृत महोत्सव

4 जनवरी 2022

भारतीय रिज़र्व बैंक ने डॉ. दीपक कुमार को नए कार्यपालक निदेशक के रूप में नियुक्त किया

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) ने डॉ. दीपक कुमार को 3 जनवरी 2022 से कार्यपालक निदेशक (ईडी) के रूप में नियुक्त किया है।

ईडी के रूप में पदोन्नति से पूर्व, डॉ. दीपक कुमार भारतीय रिज़र्व बैंक के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख थे।

डॉ. कुमार ने तीन दशकों की अवधि में, रिज़र्व बैंक के केंद्रीय कार्यालय के विभागों में सूचना प्रौद्योगिकी, साइबर सुरक्षा, भुगतान प्रणाली, मुद्रा प्रबंधन, मानव संसाधन प्रबंधन, बैंकिंग पर्यवेक्षण, विदेशी मुद्रा प्रबंधन के क्षेत्रों में नीति निर्माण और परियोजना प्रबंधन संबंधी कार्यों को किया है।

कार्यपालक निदेशक के रूप में, डॉ कुमार विदेशी मुद्रा विभाग, संचार विभाग और निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम, जो आरबीआई की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी है, का कार्यभार संभालेंगे।

डॉ. कुमार ने 'नब्बे के दशक के दौरान बैंकिंग उद्योग पर कम्प्यूटरीकरण का प्रभाव - एक मूल्यांकन' विषय पर पीएच.डी. की है। उनके पास सर्टिफाइड एसोसिएट ऑफ इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग एंड फाइनेंस (सीएआईआईबी) सहित पेशेवर योग्यता अर्जित करने के अलावा, दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अंतर्राष्ट्रीय विपणन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा की योग्यता है।

(योगेश दयाल)
मुख्य महाप्रबंधक

प्रेस प्रकाशनी: 2021-2022/1495